Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 21 मई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-21-may-2020

'नेशनल टेस्ट अभ्यास' एप्लीकेशन

हाल ही में मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने 'नेशनल टेस्ट अभ्यास' (National Test Abhyas) नामक एक नया मोबाइल एप जारी किया है। इस एप को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (National Testing Agency-NTA) द्वारा विकसित किया गया है, जो उम्मीदवारों को आगामी परीक्षाओं जैसे जेईई मेन (JEE Main), एनईईटी (NEET) के लिये मॉक टेस्ट देने में सक्षम बनाएगा। इस एप की शुरूआत मुख्य रूप से उम्मीदवारों को उनके घरों में सुरक्षा और सुविधा के साथ उच्च गुणवत्ता वाले मॉक टेस्ट की सुविधा प्रदान करना है, क्योंकि देशव्यापी लॉकडाउन के कारण शैक्षणिक संस्थानों और NTA के टेस्ट-प्रैक्टिस सेंटर (Test-Practice Centers-TPCs) के बंद रहने से छात्रों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा था। देश भर के छात्र, आगामी JEE, NEET और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये उच्च गुणवत्ता वाले टेस्टों की प्राप्ति हेतु इस एप का उपयोग कर सकते हैं, जो कि पूर्ण रूप से मुफ्त है। इन टेस्टों को आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है और उन्हें ऑफलाइन रहते हुए भी पूरा किया जा सकता है। निर्माताओं के अनुसार, यह एप एंड्रॉयड आधारित स्मार्टफोन और टैबलेट पर कार्य करता है और इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप जल्द ही IOS पर भी उपलब्ध होगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) एक स्वायत्त संस्था है जो देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश एवं छात्रवृत्ति हेतु प्रवेश परीक्षाएँ आयोजित कराती है। इसकी स्थापना भारतीय संस्था पंजीकरण अधिनियम- 1860 के तहत की गई थी।

आतंकवाद विरोधी दिवस

प्रतिवर्ष 21 मई को संपूर्ण भारत में आतंकवाद विरोधी दिवस (Anti-Terrorism Day) मनाया जाता है। आतंकवाद विरोधी दिवस का आयोजन मुख्य रूप से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को स्मरण करना है। इस के आयोजन का उद्देश्य आम लोगों में हिंसा और आतंकवाद के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर युवाओं को आतंकवाद के विरुद्ध जागरूक करने और उन्हें मानव पीड़ा तथा मानव जीवन पर इसके प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करने जैसे कार्य किये जाते हैं। आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर देश भर के विभिन्न हिस्सों में उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिये गृह मंत्रालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। मात्र 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और संभवतः दुनिया के उन युवा राजनेताओं में से एक हैं जिन्होंने इतनी कम उम्र में किसी सरकार का नेतृत्त्व किया। राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को बम्बई (मुंबई) में हुआ था। विज्ञान में रूचि रखने वाले राजीव गांधी वर्ष 1984 को अपनी माँ की हत्या के पश्चात् वे कॉन्ग्रेस अध्यक्ष एवं देश के प्रधानमंत्री बने और वर्ष 1989 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। 21 मई, 1991 को चेन्नई में एक रैली के दौरान अलगाववादी संगठन लिट्टे की महिला सुसाइड बॉम्बर ने राजीव गांधी की हत्या कर दी थी।

दिलीप उम्मेन

हाल ही में दिलप उम्मेन को भारतीय इस्पात संघ (Indian Steel Association-ISA) का नया अध्यक्ष चुना गया है। इस संबंध में ISA द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 'आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (Arcelor Mittal Nippon Steel India) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) दिलीप उम्मेन को ISA का अध्यक्ष चुना गया है और वे तत्काल पदभार संभालेंगे।' ध्यातव्य है कि दिलीप उम्मेन का चयन 19 मई, 2020 को आयोजित बोर्ड की असाधारण बैठक में किया गया था। दिलीप उम्मेन इस पद पर टाटा स्टील (Tata Steel) के CEO टी. वी. नरेंद्रन (T. V. Narendran) का स्थान लेंगे, जिनका कार्यकाल अगस्त में समाप्त होने वाला था, किंतु उन्होंने अपना कार्यकाल पूरा होने से पूर्व एक मई को ही अध्यक्ष पद से हटने की घोषणा कर दी थी। ISA के अध्यक्ष के तौर पर दिलीप उम्मेन को दो वर्षीय कार्यकाल के लिये चुना गया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (Indian Institute of Technology-IIT) खड़गपुर के पूर्व छात्र दिलीप उम्मेन को इस्पात उद्योग में 37 से अधिक वर्षों का अनुभव है।